भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1026

दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 के लिए प्रश्न

दूध संग्रह केंद्र

1026. श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के तहत ग्राम स्तर के दूध संग्रह केंद्रों पर महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितने बल्क मिल्क कूलर स्थापित किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर दुग्ध परीक्षण सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कोई प्रयास किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) किसानों को उपभोक्ताओं से जोड़ने वाली कोल्ड चेन अवसंरचना सहित गुणवत्तापूर्ण दूध के लिए अवसंरचना को मजबूत करने/सृजित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के तहत ग्राम स्तर के दूध संग्रहण केंद्रों पर कुल 2646 बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) स्थापित किये गये हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण **अनुबंध** में है।

(ख) एनपीडीडी योजना के तहत ग्रामीण स्तर की दूध परीक्षण प्रयोगशालाओं को मुख्यतः 4009 इलेक्ट्रॉनिक दूध मिलावट परीक्षण मशीनें, 22795 स्वचालित दूध संग्रहण ईकाइयां (एएमसीयू)/ डेटा प्रसंस्करण और दूध संग्रहण ईकाइयां (डीपीएमसीयू), 569 इलेक्ट्रॉनिक दूध परीक्षण मशीनें तथा 642 बूटीरो रिफ्रेक्टोमीटर स्थापित करके सुदृढ़ किया गया।

(ग) पशुपालन और डेयरी विभाग निम्नलिखित डेयरी विकास योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है, जिनमें गुणवत्तापूर्ण दूध की खरीद, इसके प्रसंस्करण, विपणन, और कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओ के लिए मुख्य रुप से डेयरी अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण/सृजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी प्रावधान किए गए हैं-

i. राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम
ii. डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि
iii. डेयरी कार्यकलापों में लगी डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता

उपर्युक्त के अतिरिक्त, विभाग द्वारा मार्च 2012 से नबम्वर 2019 तक कार्यान्वित तत्कालीन केंद्रीय क्षेत्र की योजना "राष्ट्रीय डेयरी योजना चरण-I" (एनडीपी-I) के तहत ग्राम आधारित दूध खरीद प्रणाली उप-परियोजना के अंतर्गत ग्राम स्तर पर 29577 एएमसीयू/डीपीएमसीयू और 4171 बल्क मिल्क कूलर स्थापित किए गए थे।

******

अनुबंध

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान "राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम योजना" के तहत स्थापित बल्क मिल्क कूलरों (बीएमसी) की राज्य वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम	स्थापित किए गए बल्क मिल्क कूलरों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	0
2	अरुणाचल प्रदेश	0
3	असम	0
4	बिहार	49
5	छत्तीसगढ	18
6	गोवा	0
7	गुजरात	914
8	हरियाणा	59
9	हिमाचल प्रदेश	0
10	जम्मू और कश्मीर	15
11	झारखंड	10
12	कर्नाटक	265
13	केरल	55
14	मध्य प्रदेश	83
15	महाराष्ट्र	39
16	मणिपुर	20
17	मेघालय	30
18	मिजोरम	5
19	नागालैंड	10
20	ओडिशा	22
21	पुद्दुचेरी	15
22	पंजाब	264
23	राजस्थान	289
24	सिक्किम	101
25	तमिलनाडु	360
26	तेलंगाना	20
27	त्रिपुरा	3
28	उत्तर प्रदेश	0
29	उत्तराखंड	0
30	पश्चिम बंगाल	0
	कुल योग	**2646**